"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 34] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 अगस्त 2021—श्रावण 29, शक 1943

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 5 जून 2021

क्रमांक ई 1-01/2021/एक-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अमृत कुमार खलखो, भा.प्र.से. (2002), सचिव, कृषि विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, माननीय राज्यपाल, आयुक्त, कृषि एवं गन्ना आयुक्त को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, श्रम विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, माननीय राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

2. श्री टोपेश्वर वर्मा, भा.प्र.से. (2005), कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, परिवहन विभाग, परिवहन आयुक्त एवं आयुक्त, खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.

3. श्री एस. भारतीदासन, भा.प्र.से. (2006), कलेक्टर, जिला-रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव, मुख्यमंत्री के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव, कृषि विभाग (उद्यानिकी, मत्स्यपालन, दुग्ध पालन, गोठान का स्वतंत्र प्रभार), नोडल अधिकरी, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी एवं छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना तथा आयुक्त-सह-संचालक, जनसंपर्क (पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. संवाद) का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

4. श्री हिमशिखर गुप्ता, भा.प्र.से. (2007), विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता तथा अतिरिक्त प्रभार पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर को केवल पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य सड़क विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है. शेष प्रभार यथावत् रहेगा.

5. श्री यशवंत कुमार, भा.प्र.से. (2007), कलेक्टर, जिला-जांजगीर-चांपा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संचालक, कृषि के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन बोर्ड एवं गन्ना आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

6. श्री सत्यनारायण राठौर, भा.प्र.से. (2008), कलेक्टर, जिला-कोरिया को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं के पद पर पदस्थ करते हुए मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

श्री सत्यनारायण राठौर द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

7. श्री श्याम लाल धावड़े, भा.प्र.से. (2008), कलेक्टर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-कोरिया के पद पर पदस्थ करता है.

8. सुश्री किरण कौशल, भा.प्र.से. (2009), कलेक्टर, जिला-कोरबा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संचालक, खाद्य, नागरिक-आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड), रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

9. श्री समीर विश्नोई, भा.प्र.से. (2009), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स तथा अतिरिक्त प्रभार पदेन संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य खनिज विकास निगम को केवल संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य खनिज विकास निगम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए आयुक्त, वाणिज्यिक कर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है. शेष प्रभार यथावत् रहेगा.

10. श्री सौरभ कुमार, भा.प्र.से. (2009), आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

11. श्री जय प्रकाश मौर्य, भा.प्र.से. (2010), कलेक्टर, जिला-धमतरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य खनिज विकास निगम तथा संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

श्री जयप्रकाश मौर्य द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

12. सुश्री रानू साहू, भा.प्र.से. (2010), आयुक्त, वाणिज्यिक कर तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-कोरबा के पद पर पदस्थ करता है.

13. श्री पदुम सिंह एल्मा, भा.प्र.से. (2010), कलेक्टर, जिला-मुंगेली को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-धमतरी के पद पर पदस्थ करता है.

14. श्री भोसकर विलास संदिपान, भा.प्र.से. (2011), प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य सड़क विकास निगम, रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, कृषि विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-बेमेतरा के पद पर पदस्थ करता है.

15. श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला, भा.प्र.से. (2011), संचालक, लोक शिक्षण तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा एवं संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-जांजगीर-चांपा के पद पर पदस्थ करता है.

16. श्री शिव अनंत तायल, भा.प्र.से. (2012), कलेक्टर, जिला-बेमेतरा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संयुक्त सचिव, कृषि विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

17. श्री तारन प्रकाश सिन्हा, भा.प्र.से. (2012), संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त-सह-संचालक, जनसंपर्क एवं पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. संवाद को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव के पद पर पदस्थ करता है.

18. सुश्री इफ्फत आरा, भा.प्र.से. (2012), महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा अतिरिक्त प्रभार-मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को केवल मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए मिशन संचालक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है. शेष प्रभार यथावत् रहेगा.

19. श्री अजीत वसंत, भा.प्र.से. (2012), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजनांदगांव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-मुंगेली के पद पर पदस्थ करता है.

20. श्री इंद्रजीत एस. चंद्रवाल, भा.प्र.से. (2013), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बस्तर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज के पद पर पदस्थ करता है.

21. श्री पी. एस. ध्रुव, भा.प्र.से. (2013), कुलसचिव, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, जिला-राजनांदगांव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पदस्थ करता है.

22. सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, भा.प्र.से. (2014), अपर कलेक्टर, जिला-दुर्ग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बस्तर के पद पर पदस्थ करता है.

23. श्री कुलदीप शर्मा, भा.प्र.से. (2014), अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण तथा अतिरिक्त प्रभार अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के पद पर पदस्थ करता है.

24. श्री एस. जयवर्धन, भा.प्र.से. (2014), आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के पद पर पदस्थ करता है.

25. श्री प्रभात मलिक, भा.प्र.से. (2015), संचालक, संस्थागत वित्त एवं अतिरिक्त प्रभार-अपर प्रबंध संचालक, स्मार्ट सिटी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

26. सुश्री नुपूर राशि पन्ना, भा.प्र.से. (2015), अपर कलेक्टर, जिला-बिलासपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, दुर्ग के पद पर पदस्थ करता हे.

27. सुश्री प्रियंका ऋषि महोबिया, भा.प्र.से. (2016), अपर कलेक्टर, कोरबा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला-धमतरी के पद पर पदस्थ करता है.

28. श्री चंद्रकांत वर्मा, भा.प्र.से. (2017), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला-गरियाबंद को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त प्रबंध संचालक, स्मार्ट सिटी के पद पर पदस्थ करता है.

श्री चंद्रकांत वर्मा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् अतिरिक्त प्रबंध संचालक, स्मार्ट सिटी के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

29. श्री मयंक चतुर्वेदी, भा.प्र.से. (2017), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला-धमतरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला-रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमलप्रीत सिंह, सचिव.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18 जून 2021

क्रमांक 6082/1678/21-ब/छ.ग./21.—माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर एवं ज्ञापन क्रमांक 433/एक-आठ-6/2001 (पार्ट. चार)/गोपनीय/2021 बिलासपुर, दिनांक 17-06-2021 के अनुपालन में, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट निम्नतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सदस्यों की सेवा को, छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय से प्रत्याहृत करती है तथा उनको विधि और विधायी कार्य विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अध्यधीन रखती है और उनको अनुसूची के कॉलम (3) में यथा उल्लिखित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रूप में, उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करती है, अर्थात् :—

स. क्र.	वर्तमान पदस्थापना के स्थान सहित न्यायिक अधिकारी का नाम	पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1.	श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, अंबिकापुर.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़
2.	श्री अमित प्रताप चन्द्रा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, महासमुंद.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कवर्धा
3.	कु. अंबा शाह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, बेमेतरा	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव
4.	श्री मयंक सोनी, चतुर्थ, अतिरिक्त न्यायाधीश, न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, सूरजपुर.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली
5.	कु. गीता ब्रिज, अतिरिक्त न्यायाधीश, न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, महासमुंद.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जगदलपुर

No. 6082/1678/XXI-B/C.G./2021.—In compliance of Memo No. 433/I-8-6/2001 (Pt. IV)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 17-06-2021 and on recommendation of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh, the state Government, hereby withdraws the services of the following members of Lower Judicial Services specified in column (2) of the schedule below from the High Court of Chhattisgarh, and places them under Law and Legislative Affairs Department, Government of Chhattisgarh and appoints them as Secretary, District Legal Services Authority as mentioned

in column (3) of Schedule, from the date they assume charge of their office, namely :—

Sl. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Posting as (3)
1.	Smt. Smita Shrivastava Sinha, II Civil Judge Class-II, Ambikapur.	Secretary, District Legal Services Authority, Raigarh.
2.	Shri Amit Pratap Chandra, II Civil Judge Class-II, Mahasamund.	Secretary, District Legal Services Authority, Kawardha.
3.	Ku. Amba Shah, I Civil Judge Class-II, Bemetara.	Secretary, District Legal Services Authority, Kondagaon.
4.	Shri Mayank Soni, IV Additional Judge to the court of I Civil Judge Class-II, Surajpur.	Secretary, District Legal Services Authority, Mungeli.
5.	Ku. Geeta Brij, Additional Judge ot the court of I Civil Judge Class-II, Mahasamund.	Secretary, District Legal Services Authority, Jagdalpur.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 जुलाई 2021

क्रमांक 6555/1828/21-ब/छ.ग./21.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्रमांक 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt. II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 के अनुपालन में तथा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ की अनुशंसा पर, श्री द्विजेन्द्र नाथ ठाकुर, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 की सेवाएं, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से प्रत्याहृत करता है, और प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विधि और विधायी कार्य विभाग को सौंपता है तथा उनको छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर में अवर सचिव के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है.

No. 6555/1828/XXI-B/C.G./2021.—In compliance of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh Memo No. 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt.II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 and on recommendation of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh, the state Government, hereby, withdraws the services of Shri Dwijendra Nath Thakur, II Civil Judge, Class-II, Bilaspur, from Chhattisgarh High Court, Bilaspur, and handover the services to Law and Legislative Affairs Department, for his appointment on deputation and appoints him as Under Secretary, Chhattisgarh, State Legal Services Authority, Bilaspur from the date he assumes charge of his office.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 जुलाई 2021

क्रमांक 6557/1678/21-ब/छ.ग./21.—राज्य शासन, एतद्द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एवं ज्ञापन क्रमांक 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt.II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 के अनुपालन में तथा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ की अनुशंसा पर, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट निम्नतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित सदस्यों की सेवा को, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ से प्रत्याहृत करती है तथा उनको विधि और विधायी कार्य विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अध्यधीन रखती है और उनको अनुसूची के कॉलम (3) में यथा उल्लिखित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रूप में, उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करती है, अर्थात् :—

स. क्र. (1)	वर्तमान पदस्थापना के स्थान सहित न्यायिक अधिकारी का नाम (2)	पदस्थापना (3)
1.	श्री गितेश कुमार कौशिक, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, कोरबा.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जांजगीर-चांपा.

(1)	(2)	(3)
2.	श्री डायमंड कुमार गिलहरे, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, दुर्ग.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर
3.	डॉ. सुमीत कुमार सोनी, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, रायपुर.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर
4.	कु. रेशमा बैरागी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, बैकुंठपुर	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर मुख्यालय, रामानुजगंज.
5.	कु. मयूरा गुप्ता, पंचम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, दुर्ग	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार
6.	कु. सुमन ध्रुव, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, छुईखदान	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद
7.	श्री देवाशीष ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, बचेली	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव
8.	श्रीमती सविता सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, बालोद.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग.
9.	श्री प्रवीण मिश्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर
10.	कु. जसविन्दर कौर अजमानी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, खरसिया.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा
11.	कु. शीतल निकुंज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरबा
12.	कु. प्रेरणा अहिरे, दशम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, दुर्ग	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर

No. 6557/1828/XXI-B/C.G./2021.—In compliance of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh Memo No. 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt.II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 and on recommendation of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh, the state Government, hereby withdraws the services of the following members of Lower Judicial Services specified in column (2) of the schedule below from the High Court of Chhattisgarh, and places them under Law and Legislative Affairs Department, Government of Chhattisgarh and appoints them as Secretary, District Legal Services Authority as mentioned in column (3) of Schedule, from the date they assume charge of their office, namely :—

Sl. No. (1)	Name of Judicial Officer with present place of posting (2)	Posting as (3)
1.	Shri Gitesh Kumar Kaushik, II Civil Judge Class-I, Korba.	Secretary, District Legal Services Authority, Janjgir-Champa
2.	Shri Diamond Kumar Gilhare, IV Civil Judge Class-I, Durg.	Secretary, District Legal Services Authority, Kanker.
3.	Dr. Sumit Kumar Soni, VII Civil Judge Class-I, Raipur.	Secretary, District Legal Services Authority, Bilaspur.

(1)	(2)	(3)
4.	Ku. Reshma Bairagi, II Civil Judge Class-I Baikunthpur.	Secretary, District Legal Services Authority, Balrampur at Ramanujganj.
5.	Ku. Mayura Gupta, V Civil Judge Class-II, Durg.	Secretary, District Legal Services Authority, Baloda-Bazar.
6.	Ku. Suman Dhruv, Civil Judge Class-II, Chhuikhadan.	Secretary, District Legal Services Authority, Balod.
7.	Shri Devashish Thakur, Civil Judge Class-II, Bacheli.	Secretary, District Legal Services Authority, Rajnandgaon.
8.	Smt. Savita Singh Thakur, II Civil Judge Class-II, Balod.	Secretary, District Legal Services Authority, Durg.
9.	Shri, Praveen Mishra, Secretary, District Legal Services Authority, Rajnandgaon.	Secretary, District Legal Services Authority, Raipur.
10.	Ku. Jasvinder Kaur Ajmani, II Civil Judge Class-II, Kharsiya.	Secretary, District Legal Services Authority, Bemetara.
11.	Ku. Sheetal Nikunj, Secretary, District Legal Services Authority, Balod.	Secretary, District Legal Services Authority, Korba.
12.	Ku. Prerna Ahire, X Civil Judge Class-II, Durg.	Secretary, District Legal Services Authority, Surajpur.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 जुलाई 2021

क्रमांक 6559/1678/21-ब/छ.ग./21.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्रमांक 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt. II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 के अनुपालन में तथा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ की अनुशंसा पर श्री ईशान व्यास, नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर की सेवाएं, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से प्रत्याहृत करता है, और प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु उनको विधि और विधायी कार्य विभाग को सौंपता है, तथा उनको उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मुख्यालय, नई दिल्ली के पद पर, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है.

No. 6559/1828/XXI-B/C.G./2021.—In compliance of Hon'ble High Court of Chhattisgarh Memo No. 490/I-8-6/2001 (Pt. IV)/II-2-101/2001 (Pt.II)/Confdl./2021 Bilaspur, dated 01-07-2021 and on recommendation of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh, the state Government, hereby withdraws the services of Shri Ishan Vyas, IX Civil Judge, Class-II, Raipur, from Chhattisgarh High Court, Bilaspur, and handover the services to Law and Legislative Affairs Department, for his appointment on deputation and appoints him as Deputy Secretary, Government of Chhattisgarh, Law and Legislative Affairs Department, Stationed at New Delhi from the date he assumes charge of his office.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 23 जुलाई 2021

क्रमांक 7405/2082/21-ब/छ.ग./2021.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्रमांक 614/I-8-6/2001 (Pt. IV)/Confdl./2021 दिनांक 22-07-2021 के द्वारा प्रेषित अनुशंसा के अनुपालन में श्रीमती सविता सिंह ठाकुर, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, बालोद की सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पद पर नियुक्ति के संबंध में इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 6557/1828/21-B/C.G./2021 दिनांक 02-07-2021 के सरल क्रमांक 8 को विलोपित करते हुए निरस्त करता है एवं उनकी सेवाएं माननीय

छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर को वापस करता है एवं फलतः इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 6624/2184/21-B/C.G./2019 दिनांक 03-07-2019 का सरल क्रमांक 5 जो श्री राहुल शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 की सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के पद पर नियुक्ति के संबंध में है यथावत लागू रहेगा.

No. 7405/2082/XXI-B/C.G./2021.—The State Government on recommendation of the Hon'ble High Court of Chhattisgarh vide their Memo No. 614/I-8-6/2001 (Pt.IV)/Confdl./2021 dated 22nd July, 2021 hereby, partially cancels this department's order No. 6557/1828/21-B/C.G./2021 dated 02-07-2021 by omitting Sl No. 8 with respect to appointment of Smt. Savita Singh Thakur, II Civil Judge, Class-II, Balod as Secretary, District Legal Services Authority, Durg and handovers her services to Hon'ble High Court of Chhattisgarh, and accordingly this department's order No. 6624/2184/21-B/C.G./2019 dated 03-07-2019 shall remain inforce with repsect to Sl. No. 5 regarding appointment of Shri Rahul Sharma, Civil Judge Class-II as Secretary, Disrtict Legal Services Authority, Durg.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राम कुमार तिवारी, प्रमुख सचिव.

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 जुलाई 2021

क्रमांक एफ 19-02/2020/25-1 पार्ट.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम-1995 यथा संशोधित अधिनियम-2020 अध्याय-2 की कंडिका-3 के प्रावधान अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में निम्नानुसार अध्यक्ष/सदस्यों की नियुक्ति करता है :—

स.क्र.	नाम	पदनाम	गृह जिला
1.	श्री भानुप्रताप सिंह, पूर्व विधायक	अध्यक्ष	सूरजपुर
2.	श्री गणेश ध्रुव	सदस्य	बलौदाबाजार-भाटापारा
3.	श्री अमृत टोप्पो	सदस्य	सरगुजा
4.	श्रीमती अर्चना पोर्ते	सदस्य	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही

2. नियुक्त अध्यक्ष/सदस्यों का कार्यकाल छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, में पदग्रहण की तिथि से अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अनुसार राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त तक रहेगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 जुलाई 2021

क्रमांक एफ 19-03/2020/25-1.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम-1995 (क. 26 सन् 1995) की धारा-3 के अंतर्गत श्री आर.एन.वर्मा, दुर्ग को छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में पदग्रहण की तिथि से राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त तक के लिए सदस्य नियुक्त करता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 जुलाई 2021

क्रमांक एफ 19-04/2021/25-1.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री संदीप साहू, रायपुर को छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. सिंह, सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 जुलाई 2021

क्रमांक एफ 1-10/2006/16 (पार्ट).—राज्य शासन एतद्द्वारा छ.ग. श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 की धारा 4 की उपधारा (3) के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, श्रम कल्याण मंडल में निम्नानुसार सदस्य मनोनीत किया जाता है :—

1.	श्री शारिक रईस खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक, रायपुर	—	सदस्य
2.	श्री नरेश देवांगन, कोरबा	—	सदस्य
3.	श्रीमती अम्बालिका साहू, मुंगेली	—	सदस्य
4.	श्री सुशांतो रॉय, सुकमा	—	सदस्य
5.	श्री नवीन सिंह, कोरबा	—	सदस्य
6.	श्री झुमुक साहू, दुर्ग	—	सदस्य
7.	श्री मनोज ठाकुर, अधिवक्ता, रायपुर	—	सदस्य

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 जुलाई 2021

क्रमांक एफ 10-13/2015/16 (पार्ट).—राज्य शासन एतद्द्वारा छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 की धारा 18(3) सहपठित नियम 2008 के नियम, 251 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, निम्नानुसार छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में अध्यक्ष/सदस्य मनोनीत किया जाता है :—

1.	श्री सुशील सन्नी अग्रवाल, रायपुर	—	अध्यक्ष
2.	श्री श्याम जायसवाल, मुंगेली	—	सदस्य
3.	श्री अनिल सिंह, सरगुजा	—	सदस्य
4.	श्रीमती मंजू सिंह, जांजगीर-चांपा	—	सदस्य
5.	श्री बलराम मौर्य, बस्तर	—	सदस्य
6.	श्री दुर्गेश जायसवाल, जांजगीर-चांपा	—	सदस्य

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमृत कुमार खलखो, सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 23 जुलाई 2021

क्रमांक एफ-2-17/2021/दो-गृह/रापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री सिद्धार्थ बघेल, (डीडी-2016) उप पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार (छ.ग.) को तत्काल प्रभाव से अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), भाटापारा जिला बलौदाबाजार के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज श्रीवास्तव, अवर सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

रायगढ़, दिनांक 7 जून 2021

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 01/अ-82/2020-21.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	सारंगढ़	जशपुर प.ह.नं. 06	215.586	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैराज निर्माण संभाग क्रमांक 01, खरसिया जिला रायगढ़.	साराडीह बैराज निर्माण हेतु भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भीम सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 3 अगस्त 2021

प्रकरण क्रमांक 1/अ-82/2014-15/3617.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	मरवाही	माड़ाकोट प.ह.नं. 11	17.897	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड (छ.ग.).	माड़ाकोट जलाशय योजना अंतर्गत शीर्ष/ नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही/पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 3 अगस्त 2021

प्रकरण क्रमांक 31/अ-82/2015-16/3616.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	मरवाही	कुम्हारी प.ह.नं. 11	1.397	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड (छ.ग.).	माड़ाकोट जलाशय योजना अंतर्गत कुम्हारी नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही/पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 3 अगस्त 2021

प्रकरण क्रमांक 41/अ-82/2019-20/3618.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	मरवाही	देवरीडांड़ प.ह.नं. 22	11.173	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड (छ.ग.).	राजाडीह जलाशय योजना के अंतर्गत शीर्ष निर्माण कार्य हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही/पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 3 अगस्त 2021

प्रकरण क्रमांक 42/अ-82/2019-20/3619.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	मरवाही	राजाडीह प.ह.नं. 22	4.712	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड (छ.ग.).	राजाडीह जलाशय योजना के अंतर्गत शीर्ष निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मरवाही/पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नम्रता गांधी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

राजनांदगांव, दिनांक 29 दिसम्बर 2020

क्रमांक/8185/भू-अर्जन/12/अ-82/2017-18.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव	अं. चौकी	बिहरीखुर्द प.ह.नं. 22	0.020	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव.	मोंगरा परियोजना के अंतर्गत डुबान निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला के कार्यालय में किया जा सकता है.

राजनांदगांव, दिनांक 29 दिसम्बर 2020

क्रमांक/8186/भू-अर्जन/11/अ-82/2017-18.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव	अं. चौकी	घोरदा प.ह.नं. 11	0.263	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव.	मोंगरा परियोजना के अंतर्गत डुबान निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टोपेश्वर वर्मा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

सरगुजा, दिनांक 1 अप्रैल 2021

क्रमांक 03/अ-82/2019-20.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

